13/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामनायँ दी है। उन्होने कहा है कि महाकुंभ देश की शाश्वत आध्यात्मिक विरासत का प्रतिक है एवं आस्था और सद्भाव का उत्सव है। यह भव्य आयोजन आज से आगामी छब्बीस फरवरी को महाशिवरात्री तक जारी रहेगा।

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल रिटायर्ड के.टी. परनाइक ने मकर संक्रांति, पोंगल और माघ बिहू के अवसर पर राज्य में रह रहें तमिल और असमिया सहित सभी राज्य वासियों को शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा कि त्यौहार विविधता और भारतीय सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि हिंदुओं के लिए सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक मकर संक्रांति पूरे देश में गहरी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाती है और यह वह समय है जब लाखों भक्त भगवान सूर्य की पूजा करने के लिए गंगासागर, प्रयाग और अरुणाचल प्रदेश में परशुराम कुंड जैसे स्थानों पर पवित्र जल में पवित्र डुबकी लगाते हैं।

00000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने आज ईटानगर में **सारस मेला** का उद्घाटन करते हुए कहा कि, “भारत तभी विकसित होगा जब पूर्वोत्तर विकसित होगा, पूर्वोत्तर तब विकसित होगा जब अरुणाचल विकसित होगा, अरुणाचल तब विकसित होगा जब राज्य के गांव विकसित होंगे और गांव तब विकसित होगा जब गांव की महिलाएं विकास की और बढ़ेगीं।” इस अवसर पर उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि एसएचजी सदस्यों को लखपति परिवार बनाने की दिशा में व्यवस्थित तरीके से प्रयास चल रहे हैं। श्री खांडू ने कहा कि राज्य सरकार ने 29000 संभावित एसएचजी सदस्यों की पहचान की है, जिनकी क्षमता निर्माण शुरू हो गया है ताकि उन्हें लखपति दीदी बनाया जा सके। श्री खांडू ने कहा कि यह मेला प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप है, जो “वोकल फॉर लोकल” और “आत्मनिर्भर भारत” को बढ़ावा दे रहे हैं।

00000000000000000000

उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने रविवार को लोहित जिलें में कनेक्टिविटी, पर्यटन को बढ़ावा देने और क्षेत्र की सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से विभिन्न बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, परशुराम कुंड को एक प्रमुख तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करने और तीर्थयात्रियों एवं पर्यटकों के लिए आरामदायक सुविधाएं उपलब्ध कराने सहित पवित्र स्नान के लिए कुंड की यात्रा को सुगम बनाने के प्रयास किए जा रहें हैं। उपमुख्यमंत्री ने परशुराम कुंड

मेला 2025 के शुभारंभ के साथ ही परशुराम कुंड में नवनिर्मित गेस्ट हाउस और तुलो रिसॉर्ट का उद्‌घाटन भी किया। ये सुविधाएं आध्यात्मिक स्थल पर आने वाले तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की बढ़ती संख्या के लिए आवास प्रदान करेंगी। कामलांग टाइगर रिजर्व के अपने दौरे के दौरान, प्रभागीय वन अधिकारी ने श्री मेन को वन विभाग द्वारा कामलांग टाइगर रिजर्व को रामसार साइट के रूप में सूचीबद्ध करने के प्रस्ताव के बारे में सूचना दी।

0000000000000000000

लोहित जिले में कल से वार्षिक परशुराम कुंड मेला ‘2025 का शुभारंभ होगा। मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित होने वाले इस मेले में ऋषि परशुराम का आशीर्वाद पाने हर साल बड़ी संख्या में तीर्थयात्री आते हैं।

0000000000000000000

ईटानगर कैपिटल पुलिस ने नियमित मोटर वाहन जांच के दौरान बागे तिनाली के पास यातायात उल्लंघन के तहत एक स्कूटी को रोका, जिससे संदिग्ध प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया गया। स्कूटी से पुलिस ने लगभग 2 लाख रुपये मूल्य के प्रतिबंधित पदार्थ जब्त कर एनडीपीएस अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है और फरार स्कूटी चालक की पहचान भी कर ली गई है और उसे पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग ने राष्ट्रीय पर्वतारोहण एवं साहसिक खेल संस्थान एक्वा एक्सीलेंस सेंटर, भालुकपोंग के समनवय में आज वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के तहत कौशल विकास योजना के तहत एक शॉर्ट-टर्म प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इस पहल का उद्देश्य विभिन्न जिलों के युवाओं के स्वरोजगार के साथ ही स्थानीय पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए विशेष कौशल प्रदान करना है। कौशल विकास एवं उद्यमिता सचिव बुलो मामू ने बताया कि पर्यटन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना हमारे युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करने के लिए एक रणनीतिक दृष्टिकोण है, जो उन्हें ऐसे कौशल से लैस करता है जो राज्य की साहसिक और इको-पर्यटन में बढ़ती क्षमता के अनुरूप हों।

000000000000000000000

तवांग जिले के जेमिथांग सर्कल के अंतर्गत कुमरोतसार के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में गजराज कोर द्वारा आज दो ग्रेज़ियर हट्स का उदघाटन किया गया। इस हट का उद्देश्य क्षेत्र में चरवाहों एवं नागरिकों को आश्रय और सहायता प्रदान करना है। यह पहल दूरदराज के क्षेत्रों में स्थानीय आबादी का समर्थन करने और क्षेत्र में विकास को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सेना के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है। जेमिथांग सर्कल के अंतर्गत कुमरोतसार में दो ग्रेज़ियर हट्स का निर्माण भारतीय सेना के समर्पण का प्रमाण है।

000000000000000000000

तवांग जिले के जांग मे आज अरुणाचल प्रदेश भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड ने सीमा सड़क संगठन श्रमिक संघ के सहयोग से, पंजीकृत भवन एवं अन्य निर्माण श्रमिकों के लिए एक मेगा जागरूकता शिविर सह कल्याण किट वितरण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में दिरांग के विधायक फुरपा त्सेरिंग और लोक निर्माण मंत्री के सलाहकार रोलेन दागाम, विभिन्न ट्रेड यूनियन्स के प्रतिनिधि और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहें।

000000000000000000000

इसी के साथ ये समाचार बुलेटिन समाप्त हुआ नमस्कार!